भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2804

दिनांक 12 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ

हरित हाइड्रोजन हब

2804. श्री पर्वतगौड़ा चंदनगौड़ा गद्दीगौदरः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) ने हाल ही में देश में देश की सबसे बड़ी हरित हाइड्रोजन उत्पादन सुविधा-'हरित हाइड्रोजन हब' की स्थापना की है;

(ख) यदि हां, तो इसकी विशेषताओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की देश के विभिन्न राज्यों, विशेषकर कर्नाटक में ऐसे और सुविधा केन्द्रों की स्थापना करने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक स्थापित किये जाने की संभावना है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) और (ख) : एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) आंध्र प्रदेश राज्य के अनकापल्ली जिले के पुदीमदका में ग्रीन हाइड्रोजन हब स्थापित करने की प्रक्रिया में है, जिसके लिए 1200 एकड़ भूमि पंजीकृत की गई है और उसके कब्जे में है। हब को चरणों में विकसित करने का प्रस्ताव है और पूरा होने के बाद, ग्रीन केमिकल्स (अमोनिया, मेथनॉल, सतत विमानन ईंधन/ग्रीन यूरिया) के उत्पादन के लिए ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करने की योजना है।

(ग) और (घ) : नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय जनवरी, 2023 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को क्रियान्वित कर रहा है, जिसका उद्देश्य भारत को ग्रीन हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाना है। मिशन के तहत, वित्त वर्ष 2025-26 तक कम से कम दो ग्रीन हाइड्रोजन केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त, कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक राज्य में ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए “कर्नाटक हरित हाइड्रोजन नीति 2024-2029” को अधिसूचित करने की योजना बनाई है।

****